श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हां, मैं इसी बारे में बोल रहा हूं । . . . (व्यवधान) . . .

उपसभापति : मैंने आपकी बात सुन ली । आप बैठ जाइये । . . . (व्यवधान) . . . आप एक मिनट बैठ जाइये । . . . (व्यवधान) . . . Please sit down. . . (*Interruptions*) . . . Please take your seats. . . (*Interruptions*) . . . Mr. Abrar Ahmed, thank you very much. . . (*Interruptions*) . . . All of you, please sit down. . . . (*Interruptions*) . . . देश के लिये कोई कुछ काम करता है और अगर उस पर कोई खतरा आता है तो खुदा उसकी हिफाज़त करता है । सरकार हिफाज़त करेगी । असल जो हिफाज़त होती है वह अल्लाह की तरफ से होती है अल्लाह लोगों को सही रास्ते पर डाले ।

God should help the people to follow the right path. That is all. आप कुछ कहना चाहेंगे ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभापति महोदया, पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आप इधर की भी सुन लेती है और उधर की भी सुन लेती है । लेकिन जो आपके सामने बैठे हैं . . .

उपसभापति : अटल जी, आपकी तो यह हालत है कि न आप मेरे राइट में हैं और न लेफ्ट में हैं । इसलिये आप मुझे दिखाई नहीं देते । आपके सामने यह जो माइक है . . .

Now, I have identified you, Or, I will ask our Marshal to keep an eye on you. . . (*Interruptions*) . . .

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं यह जानना चाहूंगा कि अभी चर्चा हो रही थी कि डाकुमेंट लीक किसने किया तो आपको धमकी भरा जो पत्र मिला है उसको लीक किसने किया ? . . . (व्यवधान) . . . उसको आपको सरकार के पास भेज देना चाहिये और सरकार को पर्याप्त प्रबंध करने चाहियें । लेकिन ऐसे धमकी भरे पत्रों से हमें भयभीत नहीं होना चाहिये, हमें डरना नहीं चाहिये । मुझे भरोसा है कि आप हिम्मत के साथ अपना काम करती जायेंगी । आप अच्छा काम कर रही हैं ।

उपसभापति : यहां, राज्य सभा में जो काम करना पड़ रहा है वह हिम्मत के साथ कर रही हूं ।

DEMAND FOR RESERVATION FOR MIGRANT SCHEDULED CASTE AND SCHEDULED TRIBE PEOPLE

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Madam Deputy Chairman, the Supreme Court has given a judgment about the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. Madam, the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people, who are notified in one State, are not notified in other States when they go there. When they go from one State to another, they are not entitled to educational reservation. Madam, this has been upheld by the Supreme Court saying that the migrant Scheduled Caste and Scheduled Tribe people are not entitled to reservation and other benefits. It has been brought to their notice that sometimes people are really forced to migrate because their parents are in transferable jobs and this migration is because of some factors on which they have no control. The Court has said, "Let the Government come forward with a suitable legislation to protect these people.".

Madam, there has to be a uniform policy on reservations for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes throughout the country and through you, Madam, I want to urge upon the Government to come forward with a suitable legislation very soon in order to protect those who have been transferred from one State to another, particularly when it is against their wishes. Thank you, Madam.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Madam, I also support this... (*Interruptions*)...

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): I also support this... (*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: All right. I think everybody supports this. Mr. Ram Vilas Paswan is here and, today, he is moving the Constitution (Scheduled Castes) Orders (Amendment) Bill, 1990 and he is here now and he will take into consideration the sentiments expressed by the Members.

SHRI DIPEN GHOSH: Madam, just a minute. I have submitted to the Chairman of the House the petitions received from the residents of the district of Bastar in Patangarh tehsil. They are all migrants who came from West Bengal and they have been settled there and they are all called "Nav Shudras". They are all treated as Scheduled Caste people in West Bengal, but they are not treated as such in Madhya Pradesh. Particularly in the background of the Supreme Court judgment in order to protect the privileges of these downtrodden people, Government should come forward with a suitable legislation so that even such migrants can be treated as Scheduled Castes or Tribes as they are treated in the State of their origin or of their birth.

SHRI ASHOKE KUMAR SEN (West Bengal): It only need a change in the Presidential Order.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE (Maharashtra): It can be done by a simple Presidential Order. Why do you worry?

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान): उपसभापति महोदया, यह मामला हमेशा दलित और गरीब तबकों से संबंधित है। यदि सभी पक्षों के लोगों की आम सहमति हो तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं है, सरकार विधेयक ले आएगी।

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश): उप सभापति महोदय सुप्रीम कोर्ट के फुल बेंच के सामने इस निर्णय को रिव्यू करने का आवेदन लगाना चाहिये क्योंकि यह निर्णय बहुत से आदिवासियों और हरिजनों को प्रभावित करेगा। जब तक आप नया कानून बनाते हैं उसके पहले फुल बेंच के सामने रिव्यू के लिए आवेदन देना आवश्यक है।

RE. TAKEOVER OF GURDWARA LANDS IN PAKISTAN BY PAKISTANI AUTHORITIES

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलुवालिया (बिहार): उपसभापति महोदया, पश्चिमी पंजाब में जो गुरुद्वारे हैं, गुरु नानक देव और गुरु रामदास जी के जन्म स्थान की जमीनों पर पाकिस्तानी अथार्टीज कब्जा कर रही है। उन जमीनों को दूसरों के नाम लिखा जा रहा है। गुरु रामदास का जन्म स्थान जो है वहां बड़े बड़े बंगले बना कर बेच डाले गये हैं, लोगों ने फार्म हाउसेज बना लिये हैं, कब्जे हो रहे हैं। गुरु नानक देव जी के जन्म स्थान पर उस समय के राजा राय बुलार ने 500 साल पहले 560 गांव दिये थे, उन पर कब्जा कर लिया गया है। बहुत दिनों से सिखों की मांग रही है कि पाकिस्तान में जो सिखों के गुरुद्वारे हैं उनकी सेवा सम्भाल का मौका सिखों को मिलना चाहिये। यह जो रोज अरदास करते हैं या जो डेली प्रेयर करते हैं उसमें वह कहते हैं कि जिन गुरुद्वारों से हमें बिछोड़ा गया, उन बिछड़े हुए गुरुद्वारों की सेवा सम्भाल का मौका हमें वापिस दिलाया जाए। यह सिखों की मांग है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यह जितने गुरुद्वारे हैं, गुरु नानक देव का जन्म स्थान है और पंजा साहब, ननकाना साहब, चूना मंडी, शहीद गंज, बाल लीला नानक, मंजी साहब इत्यादि जितनी प्रापर्टी है जो उस वक्त के राजा महाराजाओं ने गुरुओं के प्रति श्रद्धा के कारण अर्पित की थी, उनको जमीन डोनेट की थी, खेत डोनेट किये थे, पाकिस्तानी अथार्टीज उनको बेच रही है, रजिडेंशन चेंज कर रही है, इसका मैं विरोध करता हूं और भारत